मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm- 111
04/03/2021

मुख्यमंत्री ने महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु की जन्मशती के अवसर पर नमन कर अपनी श्रद्धांजलि दी

पटना, 04 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु की जन्मशती के अवसर पर उन्हें नमन करते हुये अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि फणीशवर नाथ रेणु ग्रामीण जीवन के जन–सरोकारों से जुड़े साहित्यकार और कथाकार थे। रेणु जी की पहचान अन्य कथाकारों से अलग है और उनकी रचनायें जनमानस के करीब हैं। उनकी रचनाओं में अनुठी संवेदनशीलता मिलती है। उनके बहुचर्चित आंचलिक उपन्यास 'मैला आँचल' ने हिन्दी उपन्यास को एक नई दिशा दी।

******